प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 30.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य में तीन साल से एक ही दफ्तर में जमे कर्मचारियों का होगा अनिवार्य तबादला; मुख्य सचिव ने संविदा ऑपरेटरों को वित्तीय कार्यों से हटाने के दिए निर्देश।
- सांसद विष्णु दयाल राम ने रेल मंत्री से की मुलाकात; पलामू में वैगन फैक्ट्री की स्थापना और नई ट्रेनें शुरू करने की रखी मांग।
- मुस्कान अवार्ड के लिए केंद्रीय टीम ने किया रांची सदर अस्पताल का निरीक्षण; बाल चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता का लिया जायजा।
- रांची और पलामू प्रमंडल सहित दर्जनभर जिलों में वज्रपात और बारिश का तात्कालिक अलर्ट; तेज हवा के साथ मेघ गर्जन की चेतावनी, सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह।
- सिमडेगा में आज से शुरू हुई सब जूनियर जिला महिला हॉकी चैंपियनशिप; नया अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में चार दिनों तक चलेगा खेल का रोमांच।

********************

राज्य में एक ही कार्यालय में लंबे समय से जमे सरकारी कर्मचारियों पर सख्ती शुरू हो गई है। मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने निर्देश दिया है कि तीन साल से अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत कर्मियों का अनिवार्य रूप से तबादला किया जाए। हाल ही में वेतन निकासी में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए मुख्य सचिव ने संविदा कंप्यूटर ऑपरेटरों को तत्काल प्रभाव से वित्तीय कार्यों से हटाने के भी आदेश दिए हैं। सभी विभागों को इस कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट 30 मई तक जमा करनी होगी।

********************

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी और विकास की मांगें रखीं। सांसद ने पलामू में वैगन उत्पादन एवं रखरखाव इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जिस पर रेल मंत्री ने व्यवहार्यता अध्ययन का आश्वासन दिया है। साथ ही, चोपन–देवघर एक्सप्रेस और रांची–अहमदाबाद एक्सप्रेस जैसी नई ट्रेन सेवाएं शुरू करने तथा राजधानी एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

********************

रांची के सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम ने दौरा किया। यह निरीक्षण प्रतिष्ठित मुस्कान अवार्ड के तहत बाल चिकित्सा और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के मूल्यांकन के लिए किया गया। टीम के सदस्यों ने अस्पताल की बुनियादी सुविधाओं और मरीजों को मिलने वाले उपचार की बारीकी से जांच की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने उम्मीद जताई है कि बेहतर सुविधाओं के आधार पर अस्पताल को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल सकता है।

********************

राजधानी रांची में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का तीन दिवसीय महत्वपूर्ण सुनवाई कार्यक्रम संपन्न हो गया। आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि इस दौरान कुल 66 मामलों पर सुनवाई की गई, जिनमें से 15 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

********************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से विस्तारित श्रीनगर–जम्मू वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को रवाना किया। यह रेलगाड़ी जो पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक चलती थी, अब जम्मू तवी तक चलेगी। एक रिपोर्ट–

********************

राजधानी रांची के आड्रे हाउस में कल से 3 मई तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला 2026 की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन को लेकर हुई बैठक में 125 से अधिक स्टॉल धारकों को स्टॉल नंबर आवंटित कर दिशा–निर्देश दिए गए। इस महोत्सव में झारखंड की लोक संस्कृति, कला और स्वदेशी उत्पादों का भव्य संगम देखने को मिलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों और कलाकारों को बढ़ावा देना है।

*********************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


*********************

राज्य में ट्रेजरी घोटाले के कारण लंबित पुलिसकर्मियों के वेतन के भुगतान की बाधाएं अब दूर हो गई हैं। मुख्यालय समेत धनबाद, गढ़वा और लातेहार जैसे जिलों में कर्मियों के खातों में राशि भेज दी गई है। रांची, पलामू और बोकारो जैसे जिलों में भी आज से भुगतान प्रक्रिया शुरू हो रही है। इस बीच झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने कहा है कि वेतन नहीं मिलने से पुलिसकर्मियों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू ने सरकार से जल्द वेतन भुगतान की मांग की है।

*********************

गिरिडीह जिले के धनवार थाना क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। लाल बाजार के समीप एक तेज रफ्तार बस और कार की सीधी भिड़ंत में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों की पहचान बिरनी थाना क्षेत्र के बरमसिया निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है और फरार बस की तलाश की जा रही है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महाकवि साधु रामचंद मुर्मू की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने संथाली साहित्य और संस्कृति को सहेजने में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी लेखनी ने समाज में शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया। उन्होंने मुर्मू के कार्यों को राज्य की अमूल्य विरासत बताया जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

*********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज एक दशमलव तीन प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स एक हजार 65 अंक फिसलकर 76 हजार 432 पर जबकि निफ्टी 331 अंक लुढक कर 23 हजार 846 पर कारोबार कर रहा था।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 38 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 54 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

राज्य में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मौसम विभाग ने गढ़वा, लातेहार, पलामू और लोहरदगा के साथ–साथ रांची, चतरा, देवघर, धनबाद और हजारीबाग सहित कई जिलों के लिए वज्रपात और बारिश का तत्कालिक अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ घंटों में इन क्षेत्रों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों से दूर रहने की सलाह दी है।

*********************

हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले सिमडेगा में आज से सातवीं सब जूनियर जिला महिला हॉकी चैंपियनशिप का आगाज हो गया है। नया अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रशासन और हॉकी सिमडेगा द्वारा किया जा रहा है। आज पहले दिन कुल पांच मुकाबले खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन 3 मई को होगा।

*****************